Established - 1957
असतो मा सद्गमय

# विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–302004

फोन : 91-141-2710565; फैक्स : 91-141-2703655;

प्रो. अमिता शर्मा
प्राचार्य

क्रमांकः यूआरसीजे/संस्था/2018/ दिनांक : 03-02-2018

## प्रेस विज्ञप्ति

### राजस्थान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

### युवा स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर को अव्वल लाने में दे अपना योगदान : महापौर

जयपुर, 03 फरवरी, 2018, **राजस्थान कॉलेज, जयपुर** में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि **जयपुर महापौर डॉ. अशोक लाहौटी** रहे। समारोह के विशिष्ट मुख्य अतिथि **जयपुर शहर सांसद श्री रामचरण बोहरा** रहे। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अमिता शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए छात्रों में एन.एस.एस. के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि जयपुर शहर महापौर डॉ. अशोक लाहौटी ने **''युवाओं से स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए जयपुर शहर को इस स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल लाने के लिए योगदान देने का आह्वान किया।''** विशिष्ट मुख्य अतिथि जयपुर सांसद श्री रामचरण बोहरा ने कहा कि **''राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण एवं हमारे देश में वर्तमान में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।**

उप–प्राचार्य एवं एन.एस.एस. संयोजक डॉ. आर.एन. शर्मा ने शिविर के सात दिनों के सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ''एन.एस.एस. जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक का निर्माण करता है एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवक समाज निर्माण की नींव है।'' समारोह में उप–प्राचार्य डॉ. राका सिंह ने समस्त आगन्तुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम संचालन महाविद्यालय के उप–प्राचार्य, रेक्टर एवं एन.एस.एस. कार्यग्रम अधिकारी डॉ. विशाल विक्रम सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रूटा) के अध्यक्ष डॉ. जयंत सिंह, महाविद्यालय के उप–प्राचार्य श्री अमित कुमार यादव, एन.एस.एस. के सभी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार वर्मा, डॉ. पवित्र कुमार खींची, डॉ. मंदाकिनी मीणा, डॉ. गौरव गोठवाल, डॉ. जी.एल. मीणा, डॉ. उम्मेद सिंह, डॉ. अनिल अनिकेत, राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पवन यादव सहित अनेक छात्र प्रतिनिधि तथा महाविद्यालय सभी प्राध्यापक एवं कॉलेज छात्र उपस्थित हुए। इस दौरान महाविद्यालय का सभागार विद्यार्थियों से खचाखच भरा रहा।

प्राचार्या

सादर प्रकाशनार्थ

____________________

____________________

____________________